अमर स्तम्भ (हिन्दी दैनिक)

Cyber Warrior's Club

राजनांदगांव के सायबर वारियर्स की जिला पुलिस अधीक्षक से विशेष मुलाकात

तरनजीत कौर छाबड़ा

राजनांदगांव (दैनिक अमर स्तम्भ) राजनांदगांव के सायबर वारियर्स ने जिला पुलिस अधीक्षक, मोहित गर्ग , और सहायक पुलिस अधीक्षक, राहुल देव , से महत्वपूर्ण परिचयात्मक सत्र में मुलाकात की। इस अवसर पर सायबर वारियर्स ने पुलिस अधीक्षक महोदय को क्षेत्र में अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की योजना प्रस्तुत की। सायबर वारियर्स ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे वे सायबर सुरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि इम्पैक्ट एक्टिविटी और मास एक्टिविटी के लिए जिला पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही, पुलिस प्रशासन और सायबर वारियर्स मिलकर अब जिले में सायबर जन जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। इस महत्वपूर्ण सत्र ने यह सुनिश्चित किया कि सायबर सुरक्षा के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी से न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ा प्रभाव डाला जा सके। यह मुलाकात सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अपराधों को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उक्त कार्यक्रम में सी वाय डी ए से कार्यक्रम प्रबंधक हर्षधन जी, सायबर वार्रियर्स क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार टेम्बुकर, सचिव खुशी तिवारी, डायरेक्टर वेदित्य, खिलेंद्र के साथ लगभग 35 वार्रियर्स सम्मिलित रहें ।